# आज चुनाव परिणाम, 50% मतदान !

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 265 ■ शुक्रवार 16 जनवरी 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



## प्रभागनिहाय कितने बजे तक कितना हुआ मतदान

| प्रभाग | 09:30 AM | 11:30 AM | 01:30 PM | 03:30 PM | 05:30 PM | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रभाग 1 | 4.81 % | 13.08 % | 23.54 % | 35.92 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 2 | 4.53 % | 12.64 % | 23.74 % | 36.86 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 3 | 4.83 % | 11.54 % | 21.60 % | 32.88 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 4 | 4.59 % | 11.26 % | 20.42 % | 31.86 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 5 | 3.76 % | 10.78 % | 19.62 % | 34.53 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 6 | 5.06 % | 12.88 % | 24.83 % | 37.81 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 7 | 5.62 % | 14.35 % | 24.69 % | 38.10 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 8 | 5.56 % | 12.04 % | 23.00 % | 35.50 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 9 | 4.22 % | 11.10 % | 19.71 % | 31.60 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 10 | 4.50 % | 12.70 % | 22.57 % | 35.04 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 11 | 3.85 % | 11.32 % | 20.45 % | 33.09 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 12 | 5.92 % | 14.35 % | 23.49 % | 35.33 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 13 | 6.20 % | 14.61 % | 25.33 % | 35.24 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 14 | 7.83 % | 18.40 % | 30.66 % | 42.04 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 15 | 6.54 % | 16.49 % | 28.27 % | 42.33 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 16 | 4.69 % | 11.42 % | 21.10 % | 31.06 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 17 | 3.48 % | 9.44 % | 17.82 % | 27.36 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 18 | 5.18 % | 14.37 % | 23.32 % | 34.00 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 19 | 5.39 % | 13.74 % | 23.08 % | 23.08 % | 0 % | 0 % |
| प्रभाग 20 | 5.73 % | 14.53 % | 25.71 % | 37.61 % | 0 % | 0 % |

**उल्हासनगर मनपा चुनाव** — वोट के बदले जमकर चले नोट - कई स्कूलों में EVM ठप हुआ

# उम्मीदवारों का भविष्य EVM में कैद













### ■ कालानी का वर्चस्व दांव पर

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका के कल 15 जनवरी 2026 को चुनाव छिटपुट घटनाओं के बाद संपन्न हुए। ईवीएम मशीन में खराबी, मतदाताओं के नाम सूची से गायब, नए मतदान केंद्रों की जानकारी नहीं, उम्मीदवारों में टकराव और सबसे व अहम वोट के बदले जो नोट चले हैं उनको लेकर ही छिटपुट घटनाएं हुई। जिसमें पैनल 16 से साई पक्ष उम्मीदवार के पति रमेश चैनानी को हिरासत में लिया गया. वहीं पैनल 5 में विधायक कुमार आयलानी की पत्नी मीना आयलानी व उनकी पुत्री ने सांसद कार्यालय में धावा बोलकर पैसे चलाने के आरोप लगाए। इस तरह 78 सीटों के लिए संपन्न हुए चुनाव में कुल 432 उम्मीदवार मैदान में है। जिनकी किस्मत ईवीएम मशीन में बंद हुई।

आज उल्हासनगर-3 स्थित उपविभागीय कार्यालय में मतगणना होगी। संभवतः शाम 5 बजे तक सभी चुनाव परिणाम आ जाएंगे। इस चुनाव में भाजपा, शिवसेना और राकांपा के बीच कड़ा मुकाबला रहा। लेकिन सर्वे में कहा जा रहा है कुछ पैनलों में मिश्रित उम्मीदवारों की जीत की संभावना है। आश्चर्य करने वाले परिणाम भी आ सकते हैं। पूर्ण बहुमत किसी पक्ष को मुश्किल है लेकिन भाजपा व शिवसेना मिलकर सत्ता बनाएगी यह तय लग रहा है। खबर लिखे जाने तक उल्हासनगर में 50 फीसदी मतदान का अनुमान लगाया जा रहा है.

### पुलिस को करना पड़ा हल्का लाठीचार्ज

शहर के अलग-अलग वार्ड में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। वार्ड नंबर 17 में पोलिंग स्टेशन के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, तो पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। इस समय शहर में चर्चा है कि ओमी कलानी के समर्थक एक नेता को इस लाठी का प्रसाद मिला। इस बीच, वार्ड नंबर 12 में जसलोक स्कूल के पोलिंग स्टेशन के बाहर भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पता चला कि वार्ड नंबर 16 में पूर्व पार्षद के पति को हिल लाइन पुलिस ने पैसे बांटने के शक में हिरासत में लिया। वार्ड नंबर 19 और 20 में भी तनाव का माहौल था। वहां भी लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस बीच, MLA बालाजी किणीकर और मनपा अधिकारी के बीच वोटर लिस्ट में गलती को लेकर झड़प हो गई।

#### जान से मारने की धमकी

कैंप नंबर 3 के वार्ड नंबर 12 में तनाव चरम पर पहुंच गया था। आरोप है कि स्थानीय पूर्व पार्षद सिरवानी के समर्थकों ने नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार ग्रुप) के उम्मीदवार अभिजीत पालवे के केंद्रीय प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में सेंट्रल पुलिस स्टेशन में एक औपचारिक शिकायत दर्ज की गई है।



### ■ एक बार फिर कम हुई वोटिंग

उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव में कम वोटिंग परसेंटेज का रिवाज इस साल के इलेक्शन में भी जारी रहा। 15 जनवरी की सुबह 7.30 बजे शुरू हुआ मतदान सुबह 9.30 बजे तक केवल 1.98 प्रतिशत ही रहा इतना ही नहीं सुबह 11.30 बजे तक पूरे शहर में केवल 13.05 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर 1.30 बजे यह प्रतिशत बढ़कर 26.62 हुआ और दोपहर 3:30 बजे तक सिर्फ 34.88 परसेंट वोटिंग हुई। सुबह से ही मतदाताओं में निराशा दिख रही थी। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, पोलिंग स्टेशनों पर कन्फ्यूजन और कई जगहों पर वोटिंग मशीनें बंद होने की घटनाएं हुईं। इसी वजह से वोटिंग परसेंटेज गिरा बताया जा रहा है। उल्हासनगर में 78 सीटों के लिए 432 कैंडिडेट मैदान में हैं और शहर में 596 पोलिंग स्टेशन थे। कुछ जगहों पर उंगलियों पर लगी



स्याही तुरंत पोंछी जा रही थी, जिससे बोगस वोटिंग का डर था।

### ■ कम वोटिंग की परंपरा

उल्हासनगर शहर में कम वोटिंग परसेंटेज का इतिहास रहा है। 2017 के मनपा चुनाव में सिर्फ़ 49.61 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। 2012 के चुनाव में सिर्फ 42 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया था। पिछले चुनाव में सिर्फ 33 फीसदी मतदाताओं ने वोट दिया था।

### ■ कांटे के मुकाबले देखने को मिले

उल्हासनगर शहर में शिवसेना




और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला था, वहीं कुछ जगहों पर इन कांटे के मुकाबलों ने उस वार्ड में वोटिंग बढ़ा दी। पैनल 14 और 15 में शिवसेना के पूर्व नगरसेवकों के बीच मुकाबला है। पैनल 14 से पूर्व महापौर लीलाबाई आशान मैदान में हैं, और वार्ड 15 में उनके बेटे अरुण आशान का मुकाबला ठाकरे के पुराने साथी धनंजय बोडारे से है, जो शिवसेना से BJP में आए हैं। इस जगह वोटिंग शुरू से ही ज़्यादा रही। वहीं, पैनल 5 में विधायक कुमार आयलानी की पत्नी मीना आयलानी मैदान में हैं, और उनके सामने पप्पू कालानी की बेटी सीमा कालानी भी मैदान में हैं। हालांकि, इस वार्ड में वोटिंग परसेंटेज कम रहा। बताया जा रहा है कि पैनल 17 में मशीन खराब होने और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की वजह से वोटिंग परसेंटेज गिरा।

### भाजपा छोड़ने वाले चारों नेताओं का भविष्य दांव पर

भाजपा के पूर्व दिग्गज नेता जमनू पुरस्वानी, महेश सुखरामानी, प्रकाश माखीजा, राम चार्ली जिन्होंने अपना जीवन भाजपा को दिया उन्होंने शिवसेना में प्रवेश कर शिवसेना की ही टिकट पर चुनाव लड़ा है। उनका भविष्य आज दांव पर लगा हुआ है। अगर इनमें से किसी की भी हार होती है तो उनका राजनीतिक जीवन समाप्त की ओर जाएगा। चारों ने अपनी पूरी ताकत पैनल 2 और 6 में झोंकी है। इन चारों को जीताने के लिए सांसद श्रीकांत शिंदे व पप्पू कालानी ने भी पूरा जोर लगाया है।

## एग्जिट पोल में शिवसेना शिंदे गुट आगे

महाराष्ट्र में 29 म्युनिसिपल चुनावों के लिए आज वोटिंग हो गई है। इसके बाद महाराष्ट्र में म्युनिसिपल चुनावों के एग्जिट पोल का ऐलान हो गया है। इन आंकड़ों में साफ तौर पर BJP और एकनाथ शिंदे की शिवसेना गठबंधन का दबदबा दिख रहा है। वहीं उल्हासनगर और कल्याण में एकनाथ शिंदे गुट का वर्चस्व दिखाई दे रहा है.

कल्याण-डोंबिवली में, एकनाथ शिंदे ग्रुप 57 वार्ड के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन सकता है। BJP को 42 वार्ड, उद्धव ठाकरे ग्रुप और MNS को 6-6 वार्ड, कांग्रेस को 2 वार्ड, शरद पवार ग्रुप को 2 वार्ड और दूसरों को 7 वार्ड मिलने की उम्मीद है।

वहीं उल्हासनगर में, BJP 28 वार्ड के साथ आगे चल रही है, जबकि शिंदे ग्रुप 29 वार्ड के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनने की स्थिति में है। अजित पवार ग्रुप को 4 वार्ड, उद्धव ठाकरे ग्रुप को 1 वार्ड, MNS को 2 वार्ड, कांग्रेस को 2 वार्ड, जबकि अन्य को 12 वार्ड मिलने की उम्मीद है।

#### ठाणे मनपा

ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में एकनाथ शिंदे की लीडरशिप वाली शिवसेना को 72 वार्ड तक जीतने की उम्मीद है। जिससे उन्हें साफ बहुमत मिलने की संभावना है। अनुमान है कि BJP को 26 वार्ड मिलेंगे, जबकि शरद पवार ग्रुप की NCP को 15 वार्ड मिलेंगे। एग्जिट पोल का अनुमान है कि अजित पवार ग्रुप की NCP को 10 वार्ड, कांग्रेस को 3 वार्ड, उद्धव ठाकरे की शिवसेना को सिर्फ़ 3 वार्ड और MNS को 2 वार्ड मिलेंगे।

#### भिवंडी मनपा

भिवंडी मनपा में, दूसरी पार्टियों और इंडिपेंडेंट कैंडिडेट्स का दबदबा बना रहने की उम्मीद है। कांग्रेस को 25 वार्ड, BJP को 18 वार्ड, शिंदे ग्रुप को 8 वार्ड, उद्धव ठाकरे ग्रुप को 2 वार्ड और शरद पवार ग्रुप को 4 वार्ड मिलने की उम्मीद है।

## विधायक की पत्नी मीना आयलानी का सांसद शिंदे कार्यालय में हंगामा

### ■ लगाया पैसे बांटने का आरोप

**उल्हासनगर.** विधानसभा चुनाव के दौरान पप्पू कालानी ने कुमार आयलानी के कार्यालय में हंगामा किया था ठीक उसी तरह विधायक कुमार आयलानी की पत्नी मीना आयलानी ने कल मनपा चुनाव में मतदान के दौरान पैनल 5 में स्थित सांसद श्रीकांत शिंदे के कार्यालय में हंगामा किया और पैसे बांटने का आरोप लगाया।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव में भाजपा व शिवसेना आमने सामने हैं। पैनल 5 से विधायक कुमार आयलानी की पत्नी मीना आयलानी भाजपा की उम्मीदवार हैं और उनके समक्ष उसी पैनल 5 में पूर्व विधायक पप्पू कालानी बेटी सीमा कालानी भी उम्मीदवार है। इस पैनल में दोनों के बीच वर्चस्व की लड़ाई है। कालानी ने कई बार भाजपा विधायक कुमार आयलानी पर निशाना साधा है। इस बार भी विधायक आयलानी की पत्नी और पूर्व मेयर मीना आयलानी ने निशाना साधा। दोनों गुट के बीच मतदान के दिन तनाव देखने को मिला।



पैनल 5 गोल मैदान क्षेत्र में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे का संपर्क कार्यालय यहां गुरुवार को वोटिंग वाले दिन दोपहर के करीब भाजपा उम्मीदवार मीना आयलानी, उनकी बेटी और दामाद जैसे कुछ लोग सीधे श्रीकांत शिंदे के ऑफिस में घुस गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस ऑफिस से पैसे बांटे जा रहे थे। वहां मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि यहां सिर्फ वोटिंग की रसीद बांटी जा रही हैं। लेकिन इसके बाद भी वे ऑफिस में घुस गए और वहां हंगामा करने लगे। इस दौरान यहां भारी तनाव पैदा हो गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। इस समय ओमी कालानी और उनके कार्यकर्ता भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने तुरंत यहां कर्मचारी को कुछ देर के लिए हिरासत में ले लिया। कुछ देर बाद उसे छोड़ दिया गया। हालांकि, इसके बाद वहां का माहौल शांत हो गया।

## EVM को बाइक पर ले जाने पर उठा संदेह

### ■ उल्हासनगर कैंप 4 में सभी पार्टी के उम्मीदवार आक्रामक

**उल्हासनगर.** लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सबसे संवेदनशील चरण EVM ट्रांसपोर्टेशन पर शक का साया पड़ गया और माहौल पल भर में गरमा गया। उल्हासनगर के कैंप नंबर 4 के हनुमाननगर इलाके में जैसे ही EVM मशीनों को सीधे बाइक पर ले जाए जाने का दृश्य सामने आया, सभी पार्टियों के उम्मीदवार आक्रामक हो गए, सवालों की बौछार हो गई और जल्द ही बड़ा हंगामा शुरू हो गया।

EVM मशीनों के ट्रांसपोर्टेशन को लेकर गुरुवार रात के आसपास उल्हासनगर शहर में गंभीर तनाव पैदा हो गया। कैंप नंबर 4 के हनुमाननगर इलाके में पता चला कि पोलिंग स्टेशनों से EVM मशीनें चुनाव कर्मचारी सीधे बाइक पर ले जा रहे थे। यह पता चलने पर इलाके के सभी पार्टी के उम्मीदवारों ने तुरंत कर्मचारियों को रोका और उनसे जवाब मांगा। उम्मीदवारों और स्टाफ के बीच इस बात पर गरमागरम बहस हुई कि EVM जैसे बहुत सेंसिटिव सिस्टम को इतने असुरक्षित तरीके से क्यों ले जाया जा रहा है, और कोई सरकारी गाड़ी और सुरक्षा का इंतज़ाम क्यों नहीं था। देखते ही देखते बहस बढ़ गई और इलाके में अफ़रा-तफ़री का माहौल फैल गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस की मौजूदगी में भी उम्मीदवारों ने कड़ा रुख अपनाया और EVM ट्रांसपोर्टेशन के नियमों पर एतराज़ जताया। सभी पार्टियों के उम्मीदवारों ने यह आरोप लगाते हुए साफ़ नाराज़गी जताई कि "बाइक पर EVM ले जाने से चुनाव प्रक्रिया की सुरक्षा से समझौता होता है।"

## उल्हासनगर में चुनाव प्लानिंग पूरी तरह फेल

### ■ पोलिंग स्टेशन दूर होने की वजह से वोटरों की 'पैदल यात्रा'

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में वोटरों को पोलिंग स्टेशन की गलत प्लानिंग से भारी नुकसान हुआ है। कई पोलिंग स्टेशन मेन रोड से दूर और सुनसान होने की वजह से वोटरों को उन्हें ढूंढने में काफी परेशानी हुई। खास बात यह है कि उल्हासनगर BJP के जिला अध्यक्ष और उम्मीदवार राजेश वधरिया को खुद अपना नाम ढूंढने और पोलिंग स्टेशन तक पहुंचने के लिए पैदल चलना पड़ा, जिससे प्रशासन की लापरवाही सामने आई है।



शहर में कई जगहों पर नए पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं; लेकिन इन सेंटर तक जाने वाली सड़क पर न तो नाम के बोर्ड हैं और न ही दिशा बताने वाले साइन। इस वजह से लोग कन्फ्यूज रहे और सेंटर ढूंढने में घंटों बिताना पड़ा. राजेश वधारिया ने इस बारे में अपना गुस्सा जाहिर किया है और मनपा के चुनाव विभाग पर प्लानिंग की कमी का गंभीर आरोप लगाया है।

नए सेंटरों पर आसान जानकारी वाले बोर्ड भी न होने से वोटरों में कन्फ्यूजन पैदा हुआ। बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी हुई क्योंकि कई वोटरों के नाम उनके घरों से दूर सेंटर पर थे। चुनाव विभाग की खराब प्लानिंग की वजह से आम वोटरों को परेशानी हुई. BJP जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया ने कहा कि अगर इस कन्फ्यूजन की वजह से वोटिंग परसेंटेज गिरा, तो इसके लिए पूरा चुनाव सिस्टम ज़िम्मेदार होगा।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## ऑनलाइन भरोसे की कीमत

पिछले कुछ वर्षों में साइबर धोखाधड़ी का जाल इतना व्यापक हो गया है कि कब कौन ठगी का शिकार हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। जिस तेजी से इस तरह के मामले बढ़ रहे हैं, वह गंभीर चिंता का विषय है। सवाल है कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में साइबर ठगी पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? जालसाजी में फंसकर लोगों के जीवन भर की जमा पूंजी हाथ से निकल जाती है। 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे मामलों में तो पीड़ित को मानसिक यातना भी झेलनी पड़ती है।

इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाने के प्रयासों के तहत केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के विशेष सचिव की अगुआई में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई है। साथ ही यह भी कहा है कि 'डिजिटल अरेस्ट' से संबंधित सभी मामलों की जांच अब सीबीआइ करेगी। मगर, सरकार का यह कदम तभी कारगर साबित होगा, जब साइबर धोखेबाजों को किसी वारदात को अंजाम देने से पहले ही रोक दिया जाए।

गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने अपने एक आदेश में 'डिजिटल अरेस्ट' की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा था कि सरकार को इससे निपटने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। दरअसल, देश में आनलाइन लेन-देन बढ़ने के साथ ही साइबर ठगी के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि आम नागरिक और खासकर बुजुर्ग नई तकनीक और आनलाइन जोखिम से अनजान हैं। जरा सी चूक होने पर लाखों रुपए जालसाजों के हाथ में चले जाते हैं। चिंता की बात यह है कि साइबर धोखाधड़ी के लिए आए दिन नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं।

ऐसे में जरूरी है कि आम लोगों को डिजिटल साक्षरता के जरिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। मसला सिर्फ इस तरह के मामलों की जांच का नहीं है, बल्कि जरूरत इस बात की है कि अपराध होने से पहले ही उसे रोक दिया जाए। जब तक साइबर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए मजबूत तंत्र स्थापित नहीं किया जाएगा, तब तक इस ऐसे मामलों पर पूरी तरह रोक लगा पाना संभव नहीं हो पाएगा।

# विविधता में एकता का उत्सव : पीएम मोदी

कुछ दिन पहले ही मुझे सोमनाथ की पवित्र भूमि पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने का सुअवसर मिला। इस पर्व को हम वर्ष 1026 में सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार साल पूरे होने पर मना रहे हैं। इस क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के कोने-कोने से लोग सोमनाथ पहुंचे। यह इसका प्रमाण है कि भारत के लोग जहां अपने इतिहास और संस्कृति के साथ गहराई से जुड़े हैं, वहीं कभी हार न मानने वाला साहस भी उनके जीवन की एक बड़ी विशेषता है। यही भावना उन्हें एक साथ जोड़ती भी है।

इस कार्यक्रम के दौरान मेरी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से भी हुई, जो सौराष्ट्र-तमिल संगमम के दौरान सोमनाथ आए थे और काशी-तमिल संगमम के समय काशी भी गए थे। ऐसे मंचों को लेकर उनके सकारात्मक सोच ने मुझे बहुत प्रभावित किया। 'मन की बात' के एक एपिसोड के दौरान मैंने कहा था कि अपने जीवन में तमिल भाषा न सीख पाने का मुझे बहुत दुख है। यह हमारा सौभाग्य है कि बीते कुछ वर्षों से हमारी सरकार तमिल संस्कृति को देश में और लोकप्रिय बनाने में निरंतर जुटी हुई है। हमारी संस्कृति में संगम का बहुत महत्व है। इस पहलू से भी काशी-तमिल संगमम एक अनूठा प्रयास है। इसमें भारत की विविध परंपराओं के बीच अद्भुत सामंजस्य दिखता है।

काशी तमिल संगमम के आयोजन के लिए काशी सबसे उपयुक्त स्थान है। यह वही काशी है, जो अनादि काल से हमारी सभ्यता की धुरी बनी हुई है। यहां हजारों वर्षों से लोग ज्ञान, जीवन के अर्थ और



मोक्ष की खोज में आते रहे हैं। काशी का तमिल समाज और संस्कृति से अत्यंत गहरा नाता रहा है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी है, तो तमिलनाडु में रामेश्वरम तीर्थ है। तमिलनाडु की तेनकाशी को दक्षिण की काशी या दक्षिण काशी कहा जाता है। पूज्य कुमारगुरु परार स्वामी जी ने अपनी विद्वता और अध्यात्म परंपरा से काशी और तमिलनाडु के बीच सशक्त और स्थायी संबंध स्थापित किया था। तमिलनाडु के महान सपूत महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी को भी काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत अवसर दिखा। यहीं उनका राष्ट्रवाद और प्रबल हुआ, उनकी कविताओं को एक नई धार और स्वतंत्र एवं अखंड भारत की उनकी संकल्पना को एक स्पष्ट दिशा मिली। ऐसे अनेक उदाहरण काशी और तमिलनाडु के बीच गहरे आत्मीय संबंध को दर्शाते हैं।

वर्ष 2022 में वाराणसी की धरती पर काशी-तमिल संगमम की शुरुआत हुई। तब तमिलनाडु से आए लेखकों, विद्यार्थियों, कलाकारों, विद्वानों, किसानों और अतिथियों ने काशी के साथ-साथ प्रयागराज और अयोध्या के दर्शन भी किए थे। इसके बाद के आयोजनों में इस पहल को और विस्तार दिया गया। इसका उद्देश्य यह था कि संगमम में समय-समय पर नए विषय जोड़े जाएं। वर्ष 2023 के दूसरे आयोजन में टेक्नोलाजी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया, ताकि भाषा इसमें बाधा न बने। तीसरे संस्करण में इंडियन नालेज सिस्टम पर विशेष फोकस रखा गया। काशी-तमिल संगमम का चौथा संस्करण 2 दिसंबर, 2025 को आरंभ हुआ। इस बार की थीम बहुत रोचक थी-तमिल करकलम् यानी तमिल सीखें। इससे लोगों को खूबसूरत तमिल भाषा सीखने का एक अनूठा अवसर मिला। तमिलनाडु से आए शिक्षकों ने काशी के विद्यार्थियों के लिए इसे अविस्मरणीय बना दिया। इस बार प्राचीन तमिल साहित्य ग्रंथ तोलकाप्पियम का चार भारतीय और छह विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया गया। तेनकासी से काशी तक पहुंची एक विशेष व्हीकल एक्सपेडिशन भी देखने को मिली। इसके अलावा काशी में स्वास्थ्य शिविरों और डिजिटल लिट्रेसी कैंप के आयोजन के साथ ही कई और सराहनीय प्रयास भी किए गए। इस अभियान में सांस्कृतिक एकता के संदेश का प्रसार करने वाले पांड्य वंश के महान राजा वीर पराक्रमी पांडियन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। काशी-तमिल संगमम में इस बार जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रसन्नता दी, वह है हमारे युवा साथियों का उत्साह। संगमम के अलावा काशी की यात्रा भी यादगार बने, इसके लिए विशेष प्रयास किए गए। भारतीय रेल ने तमिलनाडु से उत्तर प्रदेश ले जाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाईं। मैं काशी और उत्तर प्रदेश के अपने भाइयों और बहनों की सराहना करना चाहूंगा, जिन्होंने काशी-तमिल संगमम को विशेष बनाने में अपना अद्भुत योगदान दिया है।





हमें जीवन में संतुलन रखना चाहिए, ताकि समय चाहे अच्छा हो या बुरा, हम उससे प्रभावित न हों।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# मिनटों में सामान, सालों का जोखिम

आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और अत्यधिक व्यस्तता के बीच आनलाइन सामान पहुंचाने का कारोबार न केवल रोजगार का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत बन गया है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के लिए एक बड़े बाजार की शक्ल ले चुका है। खासकर कोविड महामारी के बाद से इसमें जबरदस्त उछाल आया है और अब मांग पर हर तरह के उत्पाद मिनटों में घर पर पहुंच जाते हैं। मगर तत्काल सामान पहुंचाने की होड़ में इस कार्य से जुड़े कर्मियों पर आनलाइन कंपनियों के दबाव और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं।



सामान पहुंचाने के दौरान सड़क हादसों में मौत हो जाने की देश भर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने अब दस मिनट में सामान पहुंचाने से संबंधित कंपनियों के दावों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सवाल है कि आखिर सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा? क्या संबंधित कंपनियों की यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने कर्मियों की सुरक्षा और बेहतरी की फिक्र करे?

बीते वर्ष के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर 2025 को घर पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों ने हड़ताल का आह्वान कर अपनी दिक्कतों की तरफ देश, समाज और सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की थी। कुछ अरसे से ऑनलाइन बाजार की यह कह कर हिमायत की जा रही है कि इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और उपभोक्ताओं को भी अपनी पसंद के सामान की खरीदारी का आसान विकल्प मिल गया है। साथ यह भी कहा जाता है कि इस क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों को अपने कार्य की अवधि खुद तय करने की आजादी है।

मगर, क्या वास्तव में उन्हें काम करने की आजादी है? निर्धारित समय के भीतर सामान पहुंचाने और प्रतिदिन का लक्ष्य पूरा करने का दबाव कई बार उन्हें मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक तकलीफ भी देता है। इस दबाव में सड़क पर तेज रफ्तार में दोपहिया वाहन चलाने से हर समय जान का जोखिम बना रहता है। ऐसे में दस मिनट में सामान पहुंचाने के वादों पर रोक लगाना निहायत जरूरी हो गया था।

नीति आयोग की वर्ष 2022 की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2020 में देश भर में आनलाइन मांग पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों की संख्या करीब 77 लाख थी और यह आंकड़ा 2030 तक 2.35 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इससे यह बात तो स्पष्ट है कि आनलाइन बाजार के कारोबार से रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन साथ ही संबंधित कंपनियों की प्रतिस्पर्धा में कर्मियों की सुरक्षा और काम के दबाव का संकट भी पैदा हुआ है।

कहा जा रहा है कि सरकार के आदेश के बाद आनलाइन कंपनियों ने अपने मंच से दस मिनट में सामान पहुंचाने का दावा हटा लिया है। मगर इस तरह की कोशिशें फिर से किसी दूसरे रूप में न हों, इसके लिए सरकार की ओर से एक निगरानी तंत्र बनाने की जरूरत है। सरकार को संबंधति आनलाइन मंचों के साथ मिलकर यह कोशिश करनी होगी कि श्रमशक्ति का यह हिस्सा सुरक्षित वातारण में विकास और सामाजिक गतिशीलता की सीढ़ी बने और उनके अधिकारों की भी रक्षा हो सके।

# कपल ने उड़ते प्लेन में रचाई शादी, कॉरिडोर से चलकर आई दुल्हन

जरा हट के

शादियों का सीजन एक बार फिर कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा. लोग शादी के लिए गेस्ट हाउस या मैरेज लॉन का अरेंजमेंट पहले से कर लेते हैं. बहुत से लोग तो डेस्टिनेशन वेडिंग करना चाहते हैं. हर कोई अपनी शादी के लिए यूनीक जगहें चुनता है, मगर एक अमेरिकी कपल ने तो बेहद अनोखी जगह का चयन किया. इस कपल ने उड़ते हुए प्लेन के अंदर शादी रचा ली. सेरेमनी कैबिन के बीच में बने रास्ते में आयोजित हुई, जिसकी वजह से यात्रियों के लिए टॉयलेट जाना भी मुश्किल हो गया. ऐसे में कई यात्रियों ने नाराजगी भी जाहिर की.

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार कटरीना बदोवस्की नाम की एक इंस्टाग्राम यूजर (@katrinabadowski) ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो अमेरिकी एयरलाइन साउथवेस्ट के विमान से यात्रा कर रही थीं.



तभी उन्होंने एक अजीबोगरीब नजारा प्लेन के अंदर देखा. प्लेन में एक कपल शादी कर रहे थे. कटरीना ने इस पल का वीडियो रिकॉर्ड किया और अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया. मगर लोगों का ध्यान एयर होस्टेस के द्वारा की गई अनाउंसमेंट पर चला गया जो टॉयलेट से जुड़ा था.

दरअसल, कपल प्लेन के अगले हिस्से में खड़े थे जहां शादी का आयोजन किया जा रहा था. एयर होस्टेस ने अनाउंसमेंट कर के कहा कि आगे के वॉशरूम का इस्तेमाल न करें, अगर किसी को टॉयलेट जाना हो तो प्लेन के पिछले वॉशरूम का प्रयोग करें. ये सुनकर वीडियो बनाने वाली कटरीना को भी काफी हैरानी हुई. दुल्हन का नाम टीना है जो धीरे-धीरे प्लेन के आयल पर चलते हुए आगे की ओर पहुंचीं जहां उनके होने वाले पति रॉजर पहले से खड़े हुए थे. फिर दोनों ने शादी की रस्में पूरी कीं और सभी इस पल को देखकर बेहद उत्साहित हुए.

इस वीडियो को 8 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा कि कटरीना बहुत लकी हैं जिन्होंने ऐसी अनोखी शादी देखी. जबकि एक यूजर ने कहा कि ये पल देखकर उसकी आंखों में आंसू आ गए.

# गुड़ की खीर




**गुड़ की तासीर गर्म होती है जो सर्दियों में सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है... और स्वाद ऐसा कि सब उंगलियां चाटते रह जाएंगे। स्टेप-बाय-स्टेप रेसिपी से आपकी खीर एकदम गाढ़ी और मलाईदार बनेगी।**

## सामग्री

- **चावल:** आधा कप
- **दूध:** 1.5 लीटर (फुल क्रीम)
- **गुड़:** तीन चौथाई कप
- घी: 1 बड़ा चम्मच
- **मेवे:** काजू, बादाम, किशमिश
- **इलायची पाउडर:** आधा छोटा चम्मच

## बनाने की विधि

सबसे पहले एक भारी तले वाले बर्तन या कड़ाही में 1 चम्मच घी गर्म करें। अब इसमें भीगे हुए चावल (पानी निकालकर) डालें और 2-3 मिनट तक धीमी आंच पर भूनें। घी में भूनने से खीर का स्वाद और खुशबू दोनों बढ़ जाते हैं।

अब इसी बर्तन में दूध डालें और उबाल आने दें। जब दूध उबलने लगे, तो आंच को मध्यम कर दें। इसे बीच-बीच में चलाते रहें ताकि दूध बर्तन के तले में न



चिपके। चावल को दूध में तब तक पकने दें जब तक कि चावल पूरी तरह से गल न जाए और दूध गाढ़ा न होने लगे।

जब खीर गाढ़ी और मलाईदार हो जाए (लगभग 20-25 मिनट बाद), तो इसमें इलायची पाउडर और अपने पसंद के कटे हुए मेवे डाल दें। इसे अच्छे से मिलाएं और गैस बंद कर दें।

अब बारी आती है सबसे जरूरी स्टेप, यानी गुड़ मिलाने की। जी हां, यही वो स्टेप है जहां अक्सर गलती होती है। गैस बंद करने के बाद खीर को 4-5 मिनट के लिए ठंडा होने दें। खौलते हुए दूध में गुड़ डालने से खीर फट सकती है।

जब खीर का तापमान थोड़ा कम हो जाए, तब इसमें गुड़ डालें और धीरे-धीरे मिलाएं। गुड़ अपनी गर्मी से ही पिघल जाएगा और खीर में एक सुंदर सुनहरा रंग आ जाएगा।

तैयार है आपकी गर्मागर्म और पौष्टिक 'गुड़ की खीर'। इसे मिट्टी के कुल्हड़ या कटोरी में निकालें और ऊपर से थोड़े और बादाम-पिस्ता डालकर सजाएं।

# किडनी खराब होने से पहले आंखें देती हैं 6 संकेत

## सुबह उठते ही जरूर करें चेक

किडनी हमारे शरीर के वेस्ट प्रोडक्ट्स को बाहर निकालने का काम करती हैं। इतना ही नहीं, ये बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस करती हैं और बीपी कंट्रोल करने में भी मदद करती हैं। लेकिन खराब लाइफस्टाइल और डाइट के कारण हम अनजाने में ही अपनी किडनी को काफी नुकसान पहुंचा देते हैं। हालांकि, ज्यादातर लोग मानते हैं कि किडनी की खराबी का पता केवल यूरिन के रंग या उसमें हुए अन्य बदलावों से ही लगाया जा सकता है। लेकिन यह पूरा सच नहीं है। दरअसल, किडनी डैमेज होने के कुछ संकेत आंखों में भी नजर आते हैं। आइए जानें किडनी डैमेज होने पर आंखों में कैसे लक्षण दिखाई देते हैं।




### आंखों के पास सूजन

किडनी की समस्या का सबसे शुरुआती और सामान्य लक्षण है आंखों के नीचे और आसपास सूजन का होना। इसे 'पेरिऑर्बिटल एडिमा' कहा जाता है। ऐसा तब होता है, जब किडनी यूरिन के जरिए प्रोटीन भी शरीर से बाहर निकालने लगती है। इसके कारण टिश्यूज में फ्लूइड जमा होने लगता है और आंखों के पास सूजन आ जाती है। हालांकि, सोकर तुरंत उठने के बाद आंखों के पास हल्की सूजन नॉर्मल है, लेकिन अगर यह लंबे समय तक बनी रहे, तो किडनी डैमेज का संकेत हो सकता है।

### आंखों में ड्राइनेस और खुजली

किडनी डैमेज होने पर शरीर में मिनरल्स और पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ जाता है। ब्लड में कैल्शियम और फास्फोरस का स्तर असामान्य होने से का सीधा असर आंखों की नमी पर पड़ता है, जिससे आंखों में जलन, ड्राइनेस और लगातार खुजली की समस्या हो सकती है।

### आंखों में रेडनेस

किडनी के ठीक से काम न करने के कारण शरीर के मेटाबॉलिज्म में गड़बड़ी आती है। कैल्शियम और फॉस्फेट के क्रिस्टल आंखों की सफेद सतह पर जमा हो सकते हैं, जिससे आंखें लाल दिखाई देने लगती हैं। इसे अक्सर लोग सामान्य एलर्जी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह किडनी की गंभीर स्थिति का संकेत हो सकता है।

### धुंधला दिखाई देना

किडनी डैमेज होने का एक मुख्य कारण डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर है। ये दोनों स्थितियां आंखों की रेटिना को नुकसान पहुंचाती हैं। जब किडनी सही से काम नहीं करती, तो शरीर में जमा होने वाला फ्लूइड आंखों के लेंस के आकार को बदल सकता है, जिससे धुंधला दिखाई देता है।

### पेरिफेरल विजन प्रभावित होना

पेरिफेरल विजन का मतलब है आंखों के किनारों से दिखाई देना। किडनी की समस्या से जुड़े हाई ब्लड प्रेशर के कारण आंखों की नसों पर दबाव बढ़ता है, जिसे ग्लूकोमा का एक रूप भी माना जा सकता है। इससे धीरे-धीरे व्यक्ति की साइड की दृष्टि कम होने लगती है।

### आंखों में प्रेशर या दर्द महसूस होना

जब किडनी शरीर से एक्स्ट्रा फ्लूइड को बाहर नहीं निकाल पाती, तो शरीर में फ्लूइड रिटेंशन बढ़ जाता है। यह बढ़ा हुआ फ्लूइड आंखों के अंदरूनी दबाव को बढ़ा सकता है। इससे आंखों में भारीपन, दबाव या हल्का दर्द महसूस हो सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**वृषभ** : वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**मिथुन** : आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। जल्दबाजी न करें।

**कर्क** : लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**तुला** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक** : नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** : बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मकर** : आज धन का निवेश न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ** : कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है।

**मीन** : भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# गर्दन पर काली लाइन सिर्फ मैल नहीं

## हो सकती है इन जानलेवा बीमारियों का संकेत

यदि आप रोज नहीं नहाते हैं तो गर्दन के पास कालापन दिखना नॉर्मल है. अक्सर लोग गर्दन के पीछे या बगल में काली पड़ी त्वचा को गंदगी या साफ-सफाई की कमी ही समझते हैं. ऐसे में इसे हटाने के लिए स्किन को ज्यादा रगड़ते हैं या घरेलू नुस्खे आजमाते हैं. लेकिन सच्चाई यह है कि यह समस्या हमेशा हाइजीन से जुड़ी नहीं होती. मेडिकल भाषा में इसे एकैंथोसिस नाइग्रिकन्स कहा जाता है. यह अपने आप में कोई खतरनाक बीमारी नहीं है, लेकिन यह शरीर के अंदर चल रही कुछ गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकती है .यह स्थिति अक्सर इंसुलिन रेजिस्टेंस, हार्मोनल गड़बड़ी, पीसीओएस, फैटी लिवर या मेटाबॉलिक समस्याओं से जुड़ी होती है. इसलिए इसे नजरअंदाज करना सही नहीं है.

### त्वचा क्या संकेत दे रही है?




डार्क नेक गंदगी नहीं है, यह इंसुलिन रेजिस्टेंस का संकेत है. इससे पता चलता है कि शरीर इंसुलिन को सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पा रहा.जब शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन का सही जवाब नहीं देतीं, तो शरीर ज्यादा इंसुलिन बनाने लगता है. ज्यादा इंसुलिन त्वचा की कोशिकाओं और पिगमेंट को जरूरत से ज्यादा एक्टिव कर देता है. इससे त्वचा मोटी और काली दिखने लगती है.

### इन बीमारियों की चेतावनी काली गर्दन

गर्दन का कालापन सिर्फ सुंदरता से जुड़ी समस्या नहीं है. बल्कि प्री-डायबिटीज, टाइप 2 डायबिटीज, पीसीओएस, फैटी लिवर और मेटाबॉलिक सिंड्रोम होने पर भी गर्दन या बगल का हिस्सा डार्क हो सकता है. शरीर में ये बदलाव इन बीमारियों शुरुआती संकेत के रूप में नजर आ सकते हैं.

### डार्क नेक से कैसे छुटकारा पाएं?

यदि ये किसी बीमारी का संकेत है, तो आप चाहे इस पर पत्थर रगड़ लें लेकिन ये साफ नहीं होगा. इससे छुटकारा पाने के लिए लाइफस्टाइल की आदतों में सुधार जरूरी है. ऐसे में कम कार्बोहाइड्रेट वाली डाइट अपनाएं, प्रोटीन और हेल्दी फैट ज्यादा लें, वजन कम करें, रोज हल्की एक्सरसाइज और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें, पूरी नींद लें.

### इंसुलिन रेजिस्टेंस की जांच कैसे करें?

अगर बार-बार गर्दन काली हो रही है, तो इसके कारणों को जानने के लिए ये कुछ जांच आपके लिए मददगार साबित सकती हैं. इसमें फास्टिंग ब्लड शुगर, HbA1c, फास्टिंग इंसुलिन और HOMA-IR, लिपिड प्रोफाइल, OGTT टेस्ट शामिल हैं जिसे आप करवा सकते हैं.

# सर्दियों का सूपरफूड है गाजर



### आंखों के लिए गाजर के फायदे

गाजर में विटामिन 'ए' भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है. इसमें पाया जाने वाला बीटा कैरोटीन जैसा एंटीऑक्सीडेंट आंखों को हानिकारक मुक्त कणों से बचाता है. इसके अलावा रोडोस्परिन तत्व आंखों की रोशनी बढ़ाने में सहयोग करता है. कुल मिलाकर गाजर आंखों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है.

### ब्लड प्रैशर और हृदय रोग के लिए अच्छी

पोषक तत्वों से भरपूर गाजर ब्लड प्रैशर रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकती है. यह बी.पी. को समान्य रखने के साथ दिल का दौरा पड़ने के खतरे को भी कम करती है. गाजर ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखने का भी काम करती है.

### त्वचा के लिए अच्छी

गाजर कई पोषक तत्वों से भरपूर है जो त्वचा के लिए फायदेमंद है, इसमें पाए जाने वाले तत्व त्वचा को हाइड्रेट रखते हैं और झुर्रियों को दूर रखने में मदद करते हैं. इसमें पाया जाने वाला विटामिन 'सी' दाग-धब्बों की समस्याओं को कम करने में मदद करता है.

### पाचन में कारगर

गाजर में फाइबर की मात्रा पाई जाती है. जो आपके पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है. यह मल त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाता है और कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता हैं.इसके अलावा गाजर पाचन तंत्र को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करता है.

### लिवर के लिए गाजर के फायदे

गाजर शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करती है. साथ ही लिवर में जमे हुए फैट और प्रित्त को भी कम करने में सहायक होती है. नियमित रूप से गाजर का सेवन लिवर में सूजन, संक्रमण और जलन को कम करने में मदद करता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### फोन करके बुलाया फिर गला दबाकर कर दी युवक की हत्या, पेड़ से लटका मिला प्रेमी का शव

**बदायूं.** यूपी के बदायूं में नीम के पेड़ पर फंदे से लटका युवक का शव मिलने के बाद परिजनों ने प्रेम-प्रसंग के चलते गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक को उसकी बुआ के घर से फोन कर बुलाया गया, जहां उसकी गला दबाकर हत्या की गई और बाद में शव को फंदे से लटका दिया गया। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। मामला दातागंज कोतवाली के नगला बसेला गांव का है। यहां के रहने वाले परसोत्तम 22 वर्ष पुत्र पान सिंह का शव नीम के पेड़ से फंदे पर लटका मिला।

### सोनू हत्याकांड की जांच क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर

**मेरठ.** यूपी के मेरठ में सरधना के सोनू हत्याकांड में एसएसपी/डीआईजी मेरठ में जांच क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दी है। इस मामले में अब एसपी क्राइम और सीओ क्राइम के निर्देशन में पांच पुलिसकर्मियों की टीम जांच करेगी। फॉरेंसिक साक्ष्य के अलावा फुटेज, सर्विलांस समेत तमाम बिंदुओं पर काम किया जाएगा। सरधना के सलावा में कुछ दिन पहले ही मुजफ्फरनगर के सोनू कश्यप की मामूली विवाद के बाद टेंपो चालक ने बेरहमी से पीट कर हत्या कर दी थी। कत्ल करने के बाद मोबिल ऑयल डालकर लाश को जला दिया था। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की थी। बुधवार को सोनू कश्यप के परिजनों ने जांच क्राइम ब्रांच से करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद एसएसपी/डीआईजी मेरठ डॉ. विपिन ताडा ने सोनू हत्याकांड की जांच क्राइम ब्रांच ट्रांसफर कर दी।

### चिटफंड कंपनी खोलकर आठ करोड़ की ठगी, तीन पर केस, चार के आत्महत्या करने का दावा

यूपी में चिट-फंड कंपनी में निवेश पर अधिक मुनाफे का झांसा देकर आठ करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी करने वालों ने रिच सिगनल मल्टी नेशनल बिजनेस लिमिटेड व ऑल ट्रेड मार्ट लिमिटेड कंपनी के नाम से ऑफिस खोल रखा था। जालसाजों ने लोगों को रकम शेयर मार्केट में लगाकर अधिक मुनाफे का लालच दिया था। शुरुआत में लोगों को लाभांश भी दिया गया फिर दफ्तर में ताला बंद कर जालसाज फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत और एसएसपी के आदेश पर चौरीचौरा थाने में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। केस दर्ज कराने वाले दिलेजाकपुर निवासी श्यामजी रावत ने बताया कि चौरीचौरा क्षेत्र के सरैया निवासी सुशील कुमार निगम, किशन कुमार निगम व रश्मि बाला ने फर्जी कंपनी बनाकर करोड़ों रुपये हड़प लिया। श्यामजी से 80 , गिरिजेश से 15, प्रहलाद सिंह से 34, रामपत से 50, राजन निषाद से 6 और अशोक निषाद से दस लाख रुपये की ठगी की गई। इसके अलावा कई अन्य अन्य लोगों को मिलाकर कुल आठ करोड़ रुपये की ठगी की गई।

### बीमारी ठीक करने की आड़ में धर्मांतरण का खेल, रुपये देकर ईसाई बना रहा पादरी पकड़ा

यूपी के कानपुर में घाटमपुर के नौरंगा कस्बे में कई वर्षों से चल रहे धर्मांतरण के खेल का पर्दाफाश होने के बाद पुलिस ने आरोपित पादरी को जेल भेज दिया। एक ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस धर्मांतरण से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। नौरंगा कस्बे के हुसैना रोड में रहने वाले एलविन के घर पर धर्मांतरण की सूचना पर बजरंग दल के विभाग सह संयोजक शुभम् शौर्य अग्निहोत्री, जिलाध्यक्ष मनीष सचान समेत कई पदाधिकारी पहुंचे थे। एलविन पादरी है और मूलरूप से केरल के त्रिवेंद्रम का रहने वाला है। एलविन के घर पर पदाधिकारी पहुंचे तो कमरे में महिला लेटी हुई थी और पादरी उसकी बीमारी ठीक करने के लिए प्रार्थना कर रहा था। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आपत्ति जताते हुए हंगामा किया।

# पुलिस के साथ आई ममता बनर्जी और सबूत उठाकर ले गईं

### ■ ED ने SC में लगाए कई गंभीर आरोप

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच चल रही खींचतान अब देश की शीर्ष अदालत पहुंच गई है। ईडी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि 8 जनवरी को कोलकाता में आई-पैक (I-PAC) मुख्यालय और इसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर की गई छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप किया। एक रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार और केंद्रीय जांच एजेंसी ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर तीखे सवाल उठाए हैं।

सुप्रीम कोर्ट में ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बंगाल की स्थिति को चौंकाने वाला पैटर्न करार दिया। उन्होंने अदालत के समक्ष कई दावे किए।

आरोप है कि जब ईडी की टीम कोयला तस्करी घोटाले से जुड़े सबूतों की तलाश में आई-पैक के दफ्तर पहुंची, तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य पुलिस के शीर्ष अधिकारी वहां जबरन घुस आए। ईडी का दावा है कि छापेमारी की प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों को डराया गया और कोयला घोटाले से जुड़े महत्वपूर्ण सबूतों को कब्जे में ले लिया गया या उनके साथ छेड़छाड़ की गई। सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया कि यदि राज्य का नेतृत्व खुद जांच एजेंसियों के काम में बाधा डालेगा, तो निष्पक्ष जांच असंभव हो जाएगी।

खास बात यह है कि ईडी ने एक नई याचिका दायर कर पश्चिम बंगाल पुलिस के टॉप अधिकारियों, जिसमें DGP राजीव कुमार भी शामिल हैं, को सस्पेंड करने की मांग की है। ED का आरोप है कि इन अधिकारियों ने ममता बनर्जी को I-PAC ऑफिस में रेड में रुकावट डालने और सबूत हटाने में मदद की है।

## ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

### ■ कहा- ED के काम में रुकावट न डालें
### ■ जांच एजेंसी के खिलाफ दर्ज FIR पर रोक

कोलकाता में 8 जनवरी को I-PAC रेड मामले में ED की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने CM ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार से दो हफ्तों के भीतर जवाब मांगा और कहा कि केंद्रीय एजेंसी के आरोप गंभीर है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा कि सरकार ED के काम में दखल न डालें। एजेंसी को अपना काम करने दें। कोर्ट ने 3 फरवरी को अगली सुनवाई तक ED अधिकारियों के खिलाफ दर्ज FIR पर भी रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इस मामले में कुछ बड़े सवाल हैं, जिनका जवाब नहीं मिला तो अराजकता फैल सकती है। अगर केंद्रीय एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच के लिए ईमानदारी से अपना काम कर रही हैं, तो क्या उन्हें राजनीति करके रोका जा सकता है? ED ने 8 जनवरी को तृणमूल कांग्रेस (TMC) के IT हेड और पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म (I-PAC) डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और कंपनी से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा था। जांच एजेंसी का आरोप है कि इस दौरान CM ममता वहां बंगाल पुलिस के अफसरों के साथ पहुंचीं और अपने साथ सबूत लेकर चली गईं।

# मायावती की पीसी में शॉर्ट सर्किट से अफरातफरी

### ■ सुरक्षा घेरे में बाहर निकाली गईं बसपा प्रमुख



**लखनऊ.** राजधानी लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती के जन्मदिन के मौके पर बड़ा हादसा टल गया। मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस (पीसी) के दौरान ही अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। बिजली को बोर्ड से चिंगारी के साथ ही धुआं निकलने लगा। घटना उस वक्त हुई जब मायावती की प्रेसवार्ता समाप्त होने ही वाली थी। देखते ही देखते पूरे हॉल में धुआं भर गया। इससे वहां मौजूद पत्रकारों और नेताओं में हड़कंप मच गया।

### ■ तत्परता से टला बड़ा हादसा

प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल में जैसे ही शॉर्ट सर्किट हुआ, बिजली के बोर्ड से चिंगारियां निकलने लगीं और धुएं का गुबार छा गया। हालांकि, मायावती की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने गजब की फुर्ती दिखाई। खतरे को भांपते हुए सुरक्षा घेरे ने तत्काल पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को लेकर सुरक्षित तरीके से हॉल से बाहर निकाला और उनके आवास की ओर ले गए।

### ■ अग्नि सुरक्षा उपकरणों का हुआ उपयोग

शॉर्ट सर्किट की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद सुरक्षा टीम और बिजली कर्मचारियों ने मोर्चा संभाला। सुरक्षाकर्मियों ने बिना समय गंवाए वहां रखे अग्नि सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल किया। इससे आग फैलने से पहले ही काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन कुछ देर के लिए वहां अफरातफरी का माहौल बना रहा।

### ■ सुरक्षा पर उठे सवाल?

बसपा प्रमुख की सुरक्षा को देखते हुए इस तरह की तकनीकी खामी पर सवाल उठने लगे हैं। जन्मदिन के बड़े आयोजन और मीडिया के भारी जमावड़े के बीच हुए इस शॉर्ट सर्किट ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है।

# 190 यात्रियों को लेकर जा रहे विमान के APU में आग

### ■ दूसरे फ्लाइट की इंजन में घुसा कंटेनर

दिल्ली में 24 घंटे के भीतर एयर इंडिया के दो विमानों में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। एक विमान के एपीयू में आग लगने के बाद उसे आनन-फानन में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वापस उतारा गया तो दूसरे के इंजन ने एक कंटेनर को खींच लिया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

सिंगापुर जा रहा एयर इंडिया का एक विमान तकनीकी खराबी के कारण बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि विमान में करीब 190 लोग सवार थे। सूत्रों के अनुसार, ड्रीमलाइनर विमान में एपीयू (ऑक्सिलियरी पावर यूनिट) में आग की चेतावनी मिली, जिसके बाद विमान करीब एक घंटे तक हवा में रहने के बाद दिल्ली लौट आया।

यात्रियों को वैकल्पिक विमान से सिंगापुर भेजा गया। इस संबंध में संपर्क करने पर एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि 14 जनवरी को दिल्ली से सिंगापुर जा रही



उड़ान एआई 2380 के परिचालन दल ने संभावित तकनीकी समस्या के चलते उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एहतियातन दिल्ली लौटने का फैसला किया।

### ■ रात करीब एक बजे IGI पर दोबारा उतरा

प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'विमान दिल्ली में सुरक्षित उतरा। दिल्ली में हमारी टीमों ने यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की और उन्हें वैकल्पिक विमान से सिंगापुर के लिए रवाना किया गया।' प्रवक्ता ने इस अप्रत्याशित स्थिति के कारण यात्रियों को हुई असुविधा को लेकर खेद भी जताया। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बोइंग 787-9 विमान से संचालित यह उड़ान करीब एक घंटे तक हवा में रही और बुधवार देर रात करीब एक बजे दिल्ली में वापस उतरी।

# रांची ED ऑफिस में जांच करने पहुंची झारखंड पुलिस

### ■ अधिकारियों पर पूछताछ के नाम पर मारपीट का आरोप
### ■ सेंट्रल फोर्स के जवान बुलाए गए

**रांची.** रांची के ED ऑफिस में झारखंड पुलिस जांच करने के लिए पहुंची है। दरअसल, ED के दो अफसरों पर एक व्यक्ति ने पूछताछ



के नाम पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

ED दफ्तर में सदर DSP और एयरपोर्ट थाना के प्रभारी मौजूद हैं। वहीं ED ने सुरक्षा के लिहाज से सेंट्रल पुलिस फोर्सेस को बुलाया है। रांची पुलिस की ओर से अब भी जांच चल ही रही है।

रांची के चुटिया के संतोष कुमार ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) के दो अधिकारियों पर मारपीट, जानलेवा हमला, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए एयरपोर्ट थाना में FIR दर्ज कराई है। इस मामले में ED के असिस्टेंट डायरेक्टर प्रतीक और असिस्टेंट शुभम को आरोपी बनाया गया है।

संतोष पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल रांची में कैशियर हैं। उन पर शहरी जलापूर्ति योजना की राशि में से 20 करोड़ रुपए से अधिक का गबन करने का आरोप है। पहले उन्हें रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अभी वे जमानत पर जेल से बाहर हैं। घोटाले के इस मामले की जांच ED कर रही है।

# अंतिम संस्कार से पहले जिंदा हो गईं 103 साल की गंगाबाई

### ■ बर्थडे मनाकर लौटे मातम में पहुंचे लोग

**नागपुर.** आपने मौत को चकमा देकर वापस लौटने वाली कहावत कई बार सुनी होगी। हम अक्सर किसी मुश्किल परिस्थिति से लौटने पर इस मुहावरे का प्रयोग कर लेते हैं। लेकिन क्या हो अगर यह मुहावरा सचमुच आंखों के सामने घटित हो जाए?

हाल ही में महाराष्ट्र से एक ऐसा ही हैरतअंगेज मामला सामने आया है जहां 103 साल की गंगाबाई को मृत समझ लिया गया। अंतिम संस्कार की पूरी तैयारी भी कर ली गई। लेकिन मातम मनाने आए लोग तब हैरान रह गए जब गंगाबाई का शरीर अचानक हिलने लगा और वे वापस उठ बैठीं। इतना



ही नहीं, हैरत की बात यह है कि उसी दिन गंगाबाई का जन्मदिन भी था।

घटना नागपुर जिले के रामटेक की है। 103 साल की गंगाबाई सखारे को परिवार के लोगों में मृत मान लिया। सोमवार शाम को गंगाबाई के शरीर की हरकतें बंद होने के बाद परिवार को लगा कि गंगाबाई की मौत हो गई है। परिवार ने अंतिम संस्कार की रस्में शुरू कर दीं और सभी रिश्तेदारों को संदेश भी भेज दिए। मौत की खबर फैलते ही दूर-दराज के इलाकों से रिश्तेदार अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने लगे।

### शव वाहन भी हो गया था बुक

इसके बाद मंगलवार सुबह तक परम्परा के मुताबिक गंगाबाई को नई साड़ी पहना दी गई, उनके हाथ-पैर बांध दिए गए थे, और उनकी नाक में रुई के फाहे भी लगा दिए गए। घर के बाहर शामियाना लगाया गया, कुर्सियां लगाई गईं, अंतिम संस्कार की सामग्री जुटाई गई और शव वाहन भी बुक किया गया।

### हिलने लगे पैर

तभी कुछ ऐसा हुआ जिससे अब हैरान रह गए। गंगाबाई के पोते राकेश सखारे को अचानक उनके पैरों में हरकत सी दिखाई दी। इसके बाद उन्होंने जैसे ही गंगाबाई की नाक से रुई हटाई, गंगाबाई ने गहरी सांस ली। राकेश सखारे ने पीटीआई से कहा, ''मैंने उनके पैर हिलते देखे और मदद के लिए चिल्लाया। जब हमने उनकी नाक से रुई हटाई, तो उन्होंने जोर-जोर से सांस लेना शुरू कर दिया।'' इसके बाद घर में पसरा मातम जश्न के माहौल में बदल गया। गंगाबाई के जिंदा हो जाने को लोग चमत्कार से कम नहीं बता रहें। वहीं इसके बाद परिवारवालों ने गंगाबाई का 103वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

## सीमा पर फिर दिखा पाकिस्तानी ड्रोन

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पाकिस्तानी सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन देखा गया है। पाकिस्तान की तरफ से आए इस ड्रोन को लेकर एक बार फिर से घुसपैठ की आशंका बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रामगढ़ सेक्टर के केसो महासन गांव के पास यह ड्रोन देखे गए हैं। अधिकारियों ने जानकारी मिलते ही इस पूरे इलाके में अलर्ट जारी कर दिया है। ड्रोन्स की वजह से जारी इस अलर्ट के बीच शाम को पुंच सेक्टर में भी देगवार गांव के ऊपर कुछ ड्रोन जैसी वस्तु उड़ती हुई दिखाई दी। भारतीय सेना ने उसे गिराने के लिए कुछ राउंड फायरिंग भी की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही भारतीय बल लगातार अलर्ट पर हैं।

# सुबह-सुबह वोट डालकर मोहन भागवत ने निभाया 'कर्तव्य'

### ■ निकाय चुनाव में लोगों से क्या अपील?

**नागपुर.** महाराष्ट्र में BMC सहित 28 नगर निकायों के लिए मतदान जारी है। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को नागपुर महानगरपालिका (एनएमसी) चुनाव में अपना वोट डाला। भगवत ने इस दौरान कहा कि 'नोटा' का विकल्प चुनना सही नहीं है किसी को भी वोट नहीं देने से बेहतर है कि किसी ना किसी को को वोट दिया जाए।

इससे पहले नागपुर महानगरपालिका चुनाव में मोहन



भागवत मतदाताओं में शामिल रहे। वह सुबह करीब साढ़े सात बजे नागपुर के महल इलाके में स्थित एक मतदान केंद्र पर पहुंचे और अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि चुनाव लोकतंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा है और इसलिए मतदान करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी लोग चुनाव के दौरान एक योग्य उम्मीदवार को ही वोट दें। RSS प्रमुख ने कहा, "प्रजातांत्रिक रचना में रचना का एक अनिवार्य भाग चुनाव है इसलिए वो नागरिकों का कर्तव्य भी है, तो संतुलित विचार करके, जनहित का विचार करके जो योग्य लगता है उस उम्मीदवार को मत देना, यह हमारा कर्तव्य रहता है...इसलिए मैंने पहले आकर मतदान किया।" भागवत ने आगे कहा कि 'नोटा' लोगों को अपनी असहमति व्यक्त करने का एक विकल्प देता है लेकिन किसी को भी वोट नहीं देने से बेहतर है कि किसी को वोट दिया जाए।

# केरल के SAI हॉस्टल में 2 एथलीट के शव मिले





### ■ फंदे से लटके थे, दोनों खिलाड़ियों की उम्र 15-17 साल
### ■ सुसाइड नोट नहीं मिला

केरल के कोल्लम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) हॉस्टल में गुरुवार को दो नाबालिग स्पोर्ट्स ट्रेनी के शव कमरे में फंदे से लटके मिले। पुलिस के मुताबिक, दोनों छात्राएं स्पोर्ट्स कोचिंग ले रहीं थी और हॉस्टल में ही रह रही थीं। मृत लड़कियों की पहचान कोझिकोड जिले की सैंड्रा (17) और तिरुवनंतपुरम जिले की वैष्णवी (15) के रूप में हुई है।

सैंड्रा एथलेटिक्स की ट्रेनी थी और 12वीं में पढ़ रही थी, जबकि वैष्णवी कबड्डी खिलाड़ी थी और क्लास 10वीं की छात्रा थी। घटना से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दोनों के शव एक ही कमरे में लटके मिले

घटना गुरुवार सुबह करीब पांच बजे सामने आई, जब हॉस्टल के बाकी साथी ट्रेनी स्पोर्ट्स प्लेयर्स ने देखा कि दोनों लड़कियां सुबह की ट्रेनिंग सेशन में नहीं आईं। दरवाजा बार-बार खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो हॉस्टल अधिकारी दरवाजा तोड़कर अंदर गए।

वहां दोनों लड़कियां पंखों से लटकी मिलीं। पुलिस के अनुसार वैष्णवी अलग कमरे में रहती थी, लेकिन बुधवार रात वह सैंड्रा के कमरे में सोने आई थी। हॉस्टल की अन्य लड़कियों ने सुबह दोनों को देखा भी था।

### मौत का कारण अभी पता नहीं- पुलिस

कोल्लम ईस्ट पुलिस अब जांच में जुटी है। अधिकारियों ने बताया कि हॉस्टल में रहने वाली अन्य खेल छात्राओं, उनके ट्रेनर्स और दोनों लड़कियों के परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद शव परिजन को सौंप दिए जाएंगे।

पुलिस का कहना है कि मौत का कारण अभी पता नहीं चला है। यह सुसाइड है या कोई दूसरी वजह, यह जांच के बाद ही साफ हो पाएगा।

# क्या है स्वदेशी 'पहिए वाला बख्तरबंद प्लेटफॉर्म'?

### ■ हाई-टेक हथियारों से चीन बॉर्डर पर ताकत बढ़ा रहा भारत

लद्दाख की जमा देने वाली ठंड और दुर्गम पहाड़ियों के बीच, भारतीय सेना अब केवल सीमाओं की रक्षा नहीं कर रही, बल्कि अपनी शर्तों पर ताकत का प्रदर्शन भी कर रही है। चीन के साथ सीमा पर जारी तनाव के बीच, भारत ने एक ऐसा हथियार तैनात किया है जो न केवल स्वदेशी (Made in India) है, बल्कि तकनीक के मामले में दुनिया के बेहतरीन बख्तरबंद वाहनों को टक्कर देता है। इसका नाम है- WhAP (Wheeled Armored Platform)। इसे हिंदी में 'पहिए वाला बख्तरबंद प्लेटफॉर्म' भी कहा जाता है। यह केवल एक वाहन नहीं, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की उस महत्वाकांक्षा का प्रतीक है, जो अब विदेशी हथियारों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। आइए समझते हैं कि यह प्लेटफार्म इतना खास क्यों है और यह चीन के खिलाफ भारत की स्थिति को कैसे मजबूत कर रहा है।

### आखिर क्या है WhAP ?

WhAP का पूरा नाम Wheeled Armored Platform है। सरल भाषा में कहें तो यह टायरों (पहियों) पर चलने वाला एक बख्तरबंद युद्धक वाहन है। इसे DRDO (रक्षा अनुसंधान





और विकास संगठन) और निजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) ने मिलकर विकसित किया है। आम तौर पर युद्धक टैंक या वाहन 'चेन' (Tracks) पर चलते हैं (जैसे T-90 भीष्म टैंक), लेकिन WhAP 8x8 टायरों पर चलता है। यह भारत का पहला एम्फीबियस वाहन है, यानी यह जमीन के साथ-साथ पानी में भी आसानी से चल सकता है।

### क्यों 'गेमचेंजर' है WhAP?

चीन सीमा, विशेषकर पूर्वी लद्दाख के भूगोल को ध्यान में रखते हुए WhAP की खूबियां इसे भारतीय सेना के लिए एक ब्रह्मास्त्र बनाती हैं:

**जबरदस्त रफ्तार :** चेन वाले टैंकों की गति धीमी होती है और उन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए ट्रांसपोर्टर्स की जरूरत पड़ती है। वहीं, WhAP टायरों पर होने के कारण सड़कों पर 80 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकता है। जरूरत पड़ने पर इसे रिकॉर्ड समय में बॉर्डर पर तैनात किया जा सकता है।

**पानी और जमीन दोनों पर कारगर :** लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील और कई नदियां हैं। WhAP पानी में तैरते हुए दुश्मन के इलाके में घुसपैठ करने या सैनिकों को सुरक्षित निकालने में सक्षम है। यह क्षमता पुराने सोवियत युग के BMP वाहनों से कहीं अधिक उन्नत है।

**घातक मारक क्षमता :** यह सिर्फ सैनिकों को ले जाने वाली 'बस' नहीं है। इसमें 30mm की तोप लगी है, जो दुश्मन के बंकरों को तबाह कर सकती है। साथ ही, इसमें 'एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (ATGM) और 7.62mm की मशीन गन भी फिट की जा सकती है। यह चलते-फिरते फायरिंग करने में सक्षम है।

# ईरान का हवाई क्षेत्र बंद, रद्द हो सकती हैं उड़ानें

### ■ एयर इंडिया और इंडिगो की एडवाइजरी

**नई दिल्ली.** पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति के बीच एयर इंडिया ने गुरुवार को ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए यात्रियों को संभावित देरी की चेतावनी दी है। एयरलाइन ने कहा है कि ईरान के हवाई क्षेत्र के बंद होने के बाद सुरक्षा कारणों से प्रभावित रूट्स पर उड़ानों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जा रहा है, जिससे उड़ानों के समय में देरी हो सकती है।

एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर बताया- ईरान में मौजूदा हालात और उसके



हवाई क्षेत्र के बंद होने के मद्देनजर, तथा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, उस क्षेत्र से गुजरने वाली एयर इंडिया की उड़ानों को वैकल्पिक मार्ग से उड़ाया जा रहा है। इससे देरी की संभावना है।

एयरलाइन ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन उड़ानों के लिए मार्ग परिवर्तन संभव नहीं है, उन्हें रद्द किया जा रहा है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे एयरपोर्ट रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अवश्य जांच लें। एयर इंडिया ने कहा- इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए एयर इंडिया को खेद है। यात्रियों और क्रू की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ईरान का हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से बंद

समाचार एजेंसी रायटर्स के अनुसार, ईरान में जारी तनाव के चलते उसका हवाई क्षेत्र सभी उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि, आधिकारिक अनुमति के साथ ईरान से आने-जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को छूट दी गई है। यह प्रतिबंध स्थानीय समयानुसार शाम 7:30 बजे (ईटी) तक लागू रहने की बात कही गई है, लेकिन हालात के मद्देनजर इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, क्षेत्रीय तनाव के बीच अमेरिका भी मध्य पूर्व में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मियों को हटाने की प्रक्रिया में है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि यदि वाशिंगटन की ओर से हमला होता है तो अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाए जाने की चेतावनी पड़ोसी देशों को दी गई है।

# US का परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ा

ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में अपनी सैन्य तैयारियां तेज कर दी हैं। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने संकेत दिए हैं कि अब तक दक्षिण चीन सागर में तैनात एक अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को ईरान के करीब यानी मिडिल ईस्ट में भेजा जा रहा है। अमेरिका के इस कदम के बाद मिडिल-ईस्ट में जंग की आहट तेज हो गई है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह स्ट्राइक ग्रुप यूएस सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के क्षेत्र में तैनात होगा, जिसमें मिडिल ईस्ट भी शामिल है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस जंगी बेड़े की अगुवाई USS Abraham Lincoln एयरक्राफ्ट कैरियर कर रहा है। इसके साथ कई युद्धपोत और कम से कम एक परमाणु पनडुब्बी भी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बुधवार को अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप रवाना हो चुका है, जिसके वहां पहुँचने में करीब एक हफ्ते का समय लग सकता है। अमेरिका ने यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब ईरान में महंगाई, बेरोजगारी और खराब आर्थिक हालात के खिलाफ बड़े पैमाने पर लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं.

**संक्षेप...**

## कल्याण पूर्व में फर्जी मतदान मतदाता ने लगाया आरोप

**कल्याण.** कल्याण पूर्व में फर्जी मतदान होने का मामला सामने आया है। गुरुवार दोपहर रमेश पवार नामक एक मतदाता कल्याण पूर्व के सेंट लूड्स स्कूल में मतदान करने गया, तो पता चला उसका वोट पहले ही किसी ने डाल दिया है। रमेश ने अपना वोटर आईडी दिखाते हुए बूथ के अधिकारियों से बात की और कहा कि हम अपना वोट देने आए है, लेकिन यहां इस बूथ पर मेरे नाम का वोट किसी फर्जी व्यक्ति ने पहले ही डाल दिया। रमेश पवार इस बात की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की, और बताया कि इस सेंटर पर दो फर्जी मतदान हुए है।

# मुंबई मनपा चुनाव : 41.08 फीसदी मतदान

■ **कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान**

**मुंबई.** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के लिए गुरुवार (15 जनवरी) को हो रहे चुनाव में लोगों के बीच सुस्ती देखी गई. दोपहर साढ़े तीन बजे तक मुंबई में 41.08 फीसदी मतदान हुआ है. दोपहर 1.30 बजे तक आंकड़ा करीब 30 फीसदी था. इनमें कई प्रमुख नेता और बॉलीवुड हस्तियां शामिल हैं. नेताओं और बॉलीवुड हस्तियों ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की. बीएमसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि महानगर में एक करोड़ से अधिक पात्र मतदाता हैं. जिनमें से करीब 29.96 फीसदी ने दोपहर



डेढ़ बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था.

देश के सबसे अमीर महानगरपालिका के 227 पार्षदों को चुनने के लिए सुबह 7:30 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हुआ जो शाम 5:30 बजे समाप्त होगा. बीएमसी पार्षद चुने जाने के लिए करीब 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं.

आंकड़ों के मुताबिक अपराह्न 1.30 बजे तक पूर्वी उपनगरीय क्षेत्र के वार्ड नंबर 114 में सबसे अधिक 41.08 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो मुंबई के कुछ हिस्सों में मजबूत मतदाता भागीदारी को दर्शाता है. दक्षिण मुंबई के वार्ड नंबर 227 में शुरुआती छह घंटों में सबसे कम 11.24 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया.

### सचिन तेंदुलकर ने परिवार संग किया मतदान

दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, उनकी पत्नी अंजली, बेटी सारा और मुंबई की पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर ने भी अपने-अपने वार्ड में मतदान किया. बीएमसी के साथ ही महाराष्ट्र की अन्य 28 महानगरपालिकाओं के लिए भी मतदान हो रहा है. राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के मुताबिक राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के लिए अपराह्न डेढ़ बजे तक करीब 29 प्रतिशत मतदान हुआ है.

### बड़ी हस्तियों ने डाला वोट

निकाय चुनाव में मतदान करने वाले प्रमुख नेताओं में शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक शामिल हैं.

अक्षय कुमार, आमिर खान, गुलजार, सलीम खान, परेश रावल, हेमा मालिनी, जॉन अब्राहम, सोनाली बेंद्रे, ईशा कोप्पिकर, तमन्ना भाटिया, दिव्या दत्ता और गायक कैलाश खेर जैसी फिल्मी हस्तियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

# डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने परिवार के साथ दिया वोट





**ठाणे.** आज पूरे राज्य में मनपा चुनाव के लिए शांति और जोश के साथ मतदान चल रही है। ठाणे में अपने परिवार के साथ मतदान देने के बाद, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों से बात की और सभी मतदाताओं से मत देने की अपील की। इस मौके पर सांसद श्रीकांत शिंदे मौजूद थे। डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि ठाणे के वागले एस्टेट समेत पूरे शहर में मतदाता में बहुत जोश है। उन्होंने बताया कि सुबह ही मुंबई में अच्छा प्रतिसाद मिला। उन्होंने कहा, "लोकतंत्र में मतदान सबसे ज़रूरी अधिकार है। हमारे शहर के विकास और भविष्य की सुविधाओं के लिए हर नागरिक को मतदान करना चाहिए।चुनाव प्रक्रिया के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ईमानदारी और सख्त तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने साफ किया कि अगर कहीं भी मतदान मशीन में कोई दिक्कत होती है, तो उसे तुरंत नोट किया जाता है और मतदाता को मत देने से न रोका जाए, इसके लिए ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। डिप्टी सीएम शिंदे ने अपील की आयोग को यह पक्का करने के लिए सतर्क है कि कोई बोगस मतदान न हो और हर मतदाता अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सके। इसलिए, सभी को बिना डरे मतदान देना चाहिए उन्होंने भरोसा जताया कि बड़ी संख्या में मतदान होगी।

# भिवंडी मनपा के नगरसेवकों के भाग्य ईवीएम में हुए बंद

■ **मतदान शांतिपूर्ण, कहीं कहीं झड़प की खबरें**

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल पुलिस सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुआ.भिवंडी मनपा चुनाव लड़ने वाले 439 प्रत्याशियों में से मनपा का 90 नगरसेवक चुना जाएगा जिसमें भाजपा के 6 नगरसेवक पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं. विभिन्न दलों और अपक्ष होकर चुनाव लड़े 84 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम मशीनों में बंद हो चुका है.आज 10 बजे होने वाली मतगणना में कौन हारा कौन जीता का निर्णायक फैसला होगा. दोपहर करीब 2 बजे तक तमाम प्रभागों के अंतिम चुनाव नतीजे आने की संभावना है. शहरवासियों की निगाहें आज होने वाली मतगणना पर टिकी है.

गौरतलब हो कि,मनपा प्रशासन और पुलिस प्रशाशन की संयुक्त उपाय योजना से भिवंडी मनपा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ.मनपा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर घोषित 158 अतिसंवेदनशील वार्डों में कोम्बड पाड़ा,मानसरोवर, दीवान शाह, शांतिनगर आदि क्षेत्रों में कहीं कहीं छिटपुट मारपीट, धमकी देने की घटनाओं को छोड़कर समूचे भिवंडी में शांति का वातावरण



रहा.मनपा आयुक्त चुनाव निर्णय अधिकारी अनमोल सागर,पुलिस उपायुक्त शशिकांत बारोटे के निर्देशानुसार,मनपा प्रशासन ने तमाम पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की सुविधा,सुरक्षा के तमाम इंतजाम किए थे.दिव्यांग जनों की सुविधा की खातिर व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई थी बावजूद मंडई दगड़ी शाला इमारत की मंजिल पर बनाए गए पोलिंग बूथों पर वोट करने जाने के लिए दिव्यांगों को सुविधा नहीं मिलने से दिक्कत झेलनी पड़ी.चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा धनबल,बाहुबल का खुला उपयोग कर मतदाताओं को प्रलोभन देकर वोटिंग कराए जाने की खबर कई मनपा प्रभाग क्षेत्रों में है.भिवंडी मनपा प्रशासन ने तमाम बूथों पर पानी, शौचालय,व्हील चेयर आदि की सुविधा वोटरों को मुहैया कराई थी.मनपा प्रभाग क्रमांक 1में वोटिंग शुरू होने के कुछ देर बाद ही भाजपा प्रत्याशी के प्रतिद्वंदी विलास आर पाटिल,पुत्र,पत्नी पर मतदाताओं को पैसा बांटने को खुला आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक महेश चौगुले एवं समर्थकों द्वारा मारपीट किए जाने और हाथ,पैर तोड़ने की धमकी देने से माहौल गर्मा गया था जो धीरे धीरे शांत हुआ.कहीं कहीं ईवीएम मशीन भी कुछ देर तक रुकी जिसे तत्परता से शुरू करने का प्रयास किया गया. मानसरोवर,फेना पाड़ा,भाग्य नगर आदि क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी द्वारा प्रतिद्वंदी उम्मीदवारों द्वारा पैसा बांटने और वोटरों को धमकाए जाने की शिकायत प्रतिपक्ष के लोगों ने पुलिस से की तो फौरन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला गया.भिवंडी मनपा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर्व शहरवासियों ने राहत की सांस ली है.

## परिवहन मंत्री सरनाईक ने महायुति के महापौर बनने के दावा किया

**ठाणे.** मतदान प्रक्रिया के दौरान कुछ केंद्रों पर ईवीएम मशीनों में तकनीकी गड़बड़ी को लेकर शिकायतें सामने आईं, जिससे कुछ समय के लिए मतदाताओं को मतदान करने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा।हालांकि टेक्निकल सुधार के बाद मतदान में तेजी आई है और शाम तक 60 प्रतिशत मतदान होने की उम्मीद जताई जा रही है।इस मुद्दे पर राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने चुनाव अधिकारियों से बातचीत कर गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश दिए। मंत्री सरनाईक ने युवाओं से मतदान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।मंत्री सरनाईक,पत्नी परिषा सरनाईक,पुत्र विहंग सरनाईक, पूर्वेश सरनाईक,बहु और नजदीकी कार्यकर्ता प्रकाश यादव,अनील नलवड़े ने मतदान केंद्र पर मतदान कर शहर वासियों को अपना बहुमूल्य मत करने के लिए आवाहन किया।

# एक घंटे की भागदौड़ के बाद गणेश नाइक के परिवार ने पूरी की वोटिंग

■ **चुनाव सिस्टम की गड़बड़ी पर गंभीर आरोप**

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन आम चुनाव के मतदान वाले दिन फॉरेस्ट मिनिस्टर गणेश नाइक और उनके परिवार को काफी उलझन का सामना करना पड़ा। सुबह 7.30 बजे वोट देने के लिए घर से निकले गणेश नाइक और उनका परिवार एक घंटे तक भागता रहा क्योंकि उन्हें पोलिंग स्टेशन के बारे में साफ जानकारी नहीं मिली। आखिरकार, एक घंटे बाद गणेश नाइक, संजीव नाइक और सुन कल्पना नाइक ने अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल किया।

5 साल के लंबे समय के बाद हो



रहे नवी मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव में वोट देने के लिए घर से निकले फॉरेस्ट मिनिस्टर गणेश बड़ी उलझन में पड़ गए। सुबह-सुबह जिन दो पोलिंग स्टेशनों पर वे गए, वहां पूछताछ के बावजूद गणेश नाइक और उनके परिवार का नाम वोटर लिस्ट में नहीं मिला। इसलिए, इस बात को लेकर कन्फ्यूजन था कि पोलिंग स्टेशन बदलने के बाद वोटर लिस्ट में कोई कन्फ्यूजन तो नहीं हुआ। इस बीच, नाइक परिवार को अलग-अलग सेंटर्स पर पूछताछ करते हुए घूमना पड़ा।

आखिर में, यह साफ हो गया कि गणेश नाइक, संजीव नाइक और कल्पना नाइक के नाम कोपरखैरने के सेंट मैरी हाई स्कूल में बने पोलिंग स्टेशन की लिस्ट में थे और फिर उन्होंने वोट दिया। हालांकि, इस जगह पर एक और कन्फ्यूजन सामने आया। पता चला कि नाइक परिवार के भतीजे और पूर्व मेयर सागर नाइक और उनकी पत्नी के नाम एक ही पोलिंग स्टेशन पर न होकर दूसरी जगह रजिस्टर्ड थे। इसलिए, हमेशा एक ही पोलिंग स्टेशन पर वोट देने वाले पूरे नाइक परिवार को इस बार अलग-अलग जगहों पर वोट देना पड़ा।

# मुख्याध्यापिका पर अपराध दर्ज

■ **चुनाव ड्यूटी में 23 कर्मचारियों को भेज ना सकी**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एक अंग्रेजी स्कूल के 23 कर्मचारियों को चुनाव प्रशिक्षण के लिए नहीं भेजने पर एवं अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस का उत्तर नहीं देने पर शहर पूर्व की इंफट जीसेस स्कूल की मुख्याध्यापिका दीपा एडविन पर सेंट्रल पुलिस स्टेशन में महापालिका सामान्य प्रशासन विभाग के अधीक्षण अजित रत्ना गोवारी (52) ने शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत के अनुसार 13 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक चुनाव कामकाज के लिए नियुक्त कर्मचारियों को उपस्थित रहने के आदेश दिए गए थे. चुनाव अधिकारी तथा आयुक्त उल्हासनगर महापालिका के आदेशानुसार इन्फंट जीसस स्कूल के 23 कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए उपस्थित रहने के स्पष्ट आदेश दिए गए थे. लेकिन स्कूल की मुख्याध्यापिका ने इस आदेश पर अमल नहीं किया. कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन उसका भी जवाब नहीं दिया गया. जिसके कारण चुनाव कामकाज में रुकावट हुई है और चुनाव अधिकारी के आदेश को भी ठुकराने का आरोप लगाया गया है.

सेंट्रल पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता कलम 223 एवं लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है. आगे की जांच चल रही है. ऐसी जानकारी व.पो.नि. शंकर अवताडे ने दी है. स्कूल की मुख्याध्यापिका दीपा एडविन ने खुलासा दिया है कि स्कूल में विद्यार्थियों के वार्षिक कार्यक्रम चल रहे थे. इसलिए कर्मचारियों को वह भेज नहीं सकी.

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने परिवार सहित किया मतदान

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण परिवार सहित मतदान केंद्र पर पहुंचे, और अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान के पहले वे दक्षिण भारत के पारंपरिक परिधान में डोंबिवली के सुप्रसिद्ध गणपति मंदिर पहुंचे और गणेश भगवान की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा किया कि राज्य के सभी 29 महानगर पालिकाओं में महायुति का ही महापौर बनेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लंबे अंतराल के बाद महानगर



पालिका के चुनाव हो रहे हैं, जिससे लोगों को अपने शहर के प्रतिनिधियों को चुनने का मौका मिल रहा है। शहर के विकास और आने वाली पीढ़ी के अच्छे भविष्य के लिए मतदान करना हम सभी का फ़र्ज़ है। इसलिए मैंने आज अपना वोट डाल दिया है, और लोगों से अपील करता हूं कि वे बड़ी संख्या में बाहर आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें।

# अमीषा पटेल के नाम से फेक नंबर सर्कुलेट



■ **एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर फैंस को अलर्ट किया**

■ **स्क्रीनशॉट शेयर कर बोलीं- ये मैं नहीं हूं**

**बॉ**लीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने अपने फैंस को फेक नंबर से सावधान रहने की चेतावनी दी है। अमीषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में संदिग्ध कॉन्टैक्ट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए बताया कि कोई उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने साफ किया कि सर्कुलेट होने वाला नंबर उनका नहीं है।

स्क्रीनशॉट के साथ एक्ट्रेस ने लिखा- 'यह नंबर फर्जी है और यह व्यक्ति धोखेबाज है। कृपया इसके झांसे में न आएं। यह मैं नहीं हूं।'

एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर लोगों को इस स्कैम के बारे अलर्ट करते हुए अपील की है कि उनके नाम से किए गए किसी भी फर्जी कॉल या मैसेज का शिकार न बनें और सतर्क रहें।

इस पूरे मामले पर चिंता जताते हुए अमीषा ने कहा कि डिजिटल स्पेस में गलत सूचना कितनी आसानी से फैल सकते हैं, खासकर जब इसमें पब्लिक फिगर शामिल हों। इस मुद्दे की गंभीरता पर जोर देते हुए, उन्होंने फैंस को चेतावनी दी कि फर्जी नंबर के पीछे का व्यक्ति उनकी पहचान का दुरुपयोग करके लोगों को धोखा देने की कोशिश कर सकता है।

अमीषा की वर्क फ्रंट की बात करें तो साल 2023 में उनकी 'गदर-2' आई थी, जो कि उनकी कमबैक फिल्म थी। ये एक्ट्रेस की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी।

अमीषा ने 2000 में फिल्म कहो ना... प्यार है से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने गदर: एक प्रेम कथा, हमराज और क्या यही प्यार है जैसी फिल्म की हैं।

कई हिट फिल्मों के बाद उनके करियर में उतार-चढ़ाव भी आए। लीड रोल करने वाली अमीषा ने फिर हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड,भूल भुलैया और रेस 2 जैसी फिल्मों में सपोर्टिंग रोल निभाए।

# ठाणे के वार्ड 6 में 'नोट के बदले वोट' का आरोप

■ **पुलिस ने दर्ज की एनसीआर**

**ठाणे.** ठाणे महानगरपालिका चुनाव के दौरान बुधवार को वार्ड नंबर 6 में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। आरोप है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बावजूद वहां मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए खुलेआम पैसे बांटे जा रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे हुई इस घटना की सूचना मिलते ही वर्तक नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और संबंधित लोगों से पूछताछ शुरू की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एनसीआर (NCR) दर्ज कर ली है, लेकिन इस घटना ने स्थानीय राजनीति में भूचाल ला दिया है।

### कानूनी धाराएं और आरोपियों का इनकार

पुलिस ने इस मामले में 'जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951' (Representation of the People Act, 1951) की धारा 126(1), 126(2) और 126(3) के तहत मामला संज्ञान में लिया है। ये धाराएं चुनाव के दौरान अनुचित व्यवहार और वोटरों को प्रभावित करने से संबंधित हैं। हालांकि, जिन लोगों पर पैसे बांटने का आरोप लगा है, उन्होंने इन दावों को पूरी तरह से नकार दिया है। उनका कहना है कि वे निर्दोष हैं और यह विरोधियों द्वारा उन्हें फंसाने की एक राजनीतिक साजिश है। इसके बावजूद, पुलिस प्रशासन अभी तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि करने में जुटा है।

### सिर्फ एनसीआर पर सवाल, जनता में आक्रोश

इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल पुलिस की कार्रवाई की प्रकृति पर उठाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और विपक्षी दलों में इस बात को लेकर भारी गुस्सा है कि लोकतंत्र की नींव को कमजोर करने वाले इतने गंभीर आरोपों के बावजूद मामला सिर्फ एक एनसीआर तक ही क्यों सीमित रखा गया? लोग सवाल पूछ रहे हैं कि क्या लोकतंत्र बिकाऊ है और जब वोटिंग प्रक्रिया ही संदेह के घेरे में है, तो सख्त कार्रवाई कब होगी? आम जनता का कहना है कि यदि पैसे के दम पर वोट खरीदने के आरोपों की केवल खानापूर्ति वाली जांच होगी, तो आदर्श आचार संहिता का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

## जापान ट्रिप का झांसा देकर पूर्व नौसेना कर्मी से ठगी

**ठाणे.** ठाणे जिले से ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक ट्रैवल एजेंट ने जापान यात्रा कराने के नाम पर 84 वर्षीय पूर्व नौसेना कर्मी और उनके परिवार के सदस्यों से करीब 17.77 लाख रुपये की ठगी कर ली. पुलिस ने आरोपी ट्रैवल एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता की पहचान अरुण रघुनाथ चित्रे के रूप में हुई है, जो भारतीय नौसेना से रिटायर्ड हैं. चित्रे ने अपनी शिकायत में बताया कि जुलाई 2024 में उनके दामाद की मुलाकात एक पारिवारिक समारोह के दौरान आरोपी ट्रैवल एजेंट से हुई थी.

आरोपी ने खुद को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर आयोजित करने वाला ट्रैवल एजेंसी संचालक बताया और विदेश यात्रा के आकर्षक ऑफर दिए. आरोपी की बातों पर भरोसा करते हुए चित्रे और उनके परिवार के कई सदस्यों ने जापान टूर के लिए पैसे देना शुरू किया.

# शिवसेना विधायक विश्वनाथ भोईर ने किया मतदान

■ **केडीएमसी में महायुति की सत्ता बनने का किया दावा**



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका आम चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया जारी है। कल्याण पश्चिम के शिवसेना (शिंदे) विधायक विश्वनाथ भोईर ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान के उपरांत मीडिया से बात करते हुए भोईर ने कल्याण-डोंबिवली में शिवसेना-भाजपा महायुति की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि महायुति ने कल्याण-डोंबिवली में अनेक विकास कार्य किए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कल्याण-डोंबिवली की जनता महायुति के साथ है, केडीएमसी में महायुति की सत्ता ही आएगी।


## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Mrs. Saroj Bai, Daughter of Mr. Lachhman das, Wife of Mr. Dinesh Wadhwani, presently residing at A-201, Swapna Nagari, Barave, Khadakpada, Kalyan, District Thane – 421301, Maharashtra, India, is applying to the Secretary to the Government of India, Ministry of Home Affairs, for grant of Indian Citizenship by Naturalization. Any person who knows any reason or has any objection as to why the said Naturalization should not be granted is required to send a written and signed statement of the facts to the said Secretary.



उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास





Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)



## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Mrs. SAPNA Wife of Mr. SHANKER LAL, presently residing at Flat No. 502, Building No. 17, FAME Housing Society Limited, Plot No. 19, Sector 11, Khoper Khairne, Navi Mumbai – 400709, Maharashtra, India, is applying to the Secretary to the Government of India, Ministry of Home Affairs, for grant of Indian Citizenship by Naturalization. Any person who knows any reason or has any objection as to why the said Naturalization should not be granted is required to send a written and signed statement of the facts to the said Secretary


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099